जिला स्तरीय किसान मेला–सह–कृषि प्रदर्शनी–2026

आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण सूचना

आत्मा, कटिहार के द्वारा जिले के किसानों, कृषि से जुड़े हितधारकों एवं आम नागरिकों को कृषि की नवीनतम तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं कृषि योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय किसान मेला–सह–कृषि प्रदर्शनी– 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक– 19 एवं 20 नवम्बर 2026

समय– पूर्वाह्न 11:00 बजे से

स्थान– संयुक्त कृषि भवन परिसर, टी०भी० टॉवर रोड, मिरचाईबाड़ी, कटिहार।

इस किसान मेला–सह–कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों, कृषि यंत्रों, उन्नत बीज, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन एवं कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

मेले में जिले के सफल एवं प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO), कृषि उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित संस्थानों एवं विभिन्न कृषि कंपनियों द्वारा अपने उत्पादों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

मेले के प्रमुख आकर्षण

- आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों का प्रदर्शन।
- कृषि यंत्र एवं कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी।
- उन्नत बीज एवं नवीन कृषि प्रौद्योगिकी की जानकारी।
- जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रदर्शन।
- किसान उत्पादक संगठनों (FPO) के उत्पादों का प्रदर्शन।
- कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण की जानकारी।
- मखाना, जूट, शहद, मिलेट्स एवं अन्य कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी।
- सफल एवं प्रगतिशील किसानों के उत्पादों का प्रदर्शन।
- कृषि से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी।
- कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय पदाधिकारियों से किसानों का संवाद।
- महिला किसानों एवं कृषि उद्यमियों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन।

Scanned with OKEN Scanner

➢ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कृषि विषयक जागरूकता कार्यक्रम।

किसानों से अपील

कटिहार जिले के सभी किसान भाई–बहनों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में किसान मेला–सह–कृषि प्रदर्शनी में भाग लेकर नई कृषि तकनीकों, उन्नत खेती की पद्धतियों, कृषि योजनाओं एवं कृषि आधारित व्यवसाय की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा इसका लाभ उठाएं।

आयोजक

12/11/26

जिला कृषि पदाधिकारी,–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा,
कटिहार।

Scanned with OKEN Scanner